Municipal Council, Pali

# Newsletter May 2017

## Address

Near Suraj Pole Chaurha, Town Hall, Pali-306401
(Rajasthan) India.

## Email

cmcpali@yahoo.co.in

## Contact-No.

02932-221301

# Local Self Government Rajasthan

The Department of local self Government, Rajasthan is the controlling Department of all municipalities for all administrative purposes. It also performs monitoring and co-ordination function at the state level for all the 188 municipal bodies of the state.

# Functions of Department of Local Self Government Rajasthan

•Appointment of OICs/Advocate in Court Cases, vetting of reply, opinion on judgment, decision for appeal or no appeal, scrutiny of Bye-Laws and Rules and Amendments in Acts and Rules.
•Approval of Budget of ULBs and released of funds regarding Special Grant, General Grant, SFC, TFC, Grant (in Lieu of Octroi) and State/Centrally Sponsored Schemes/Programme.
•Disposal of matters related to transfer, establishment, DPCs related to officers
•and staff of ULBs, DDR offices and Directorate.
•Extension and Exclusion of Municipal boundary, Election of Municipal Boards.
•Implementation of HRD Plan for elected representatives, and officials of ULBs.
•Implementation of Poverty Alleviation and social responsibilities Programmes.
•Issuance of Financial, Administrative and Technical Sanctions which are not in the Jurisdiction of the elected board.
•Preparation of Annual Plan/District Plan/Action Plan/DPRs related to various GoI/GoR schemes/Programmes.

# Various Schemes

## AMRUT – (Atal Mission for Rejuvenation and Urban Transformation)

- Urban Infrastructure Development of 29 Towns > 1.0 lac population.
- Total Estimated Project cost Rs 4500 cr (50% GoI, 30% GoR, 20% ULB)
- Components to be covered - Water supply, Sewerage network, Septage management, Storm water drainage, Urban Transport, Green spaces and parks.



## HRIDAY-Heritage Cities Infrastructure Development & Augmentation

- Ajmer – Pushkar nominated under HRIDAY– 100% grant by GoI.
- City HRIDAY Plan for Rs 48.00 cr. approved by MoUD, GoI.

## National Urban Livelihood Mission (NULM)

- Focus on Skill Training & Placement and Capacity Building / Self Employment.
- Major components- Shelter for Urban Homeless, Support to Urban Street Vendors.

**नगर परिषद् पाली व राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना रूडिप के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित सीवरेज कनेक्शन की जानकारी हेतु बुधवार को नगर परिषद् सभागार में सभापति महेन्द्र बोहरा की अध्यक्षता में ''प्लम्बर प्रशिक्षण कार्यक्रम'' को लेकर एक कार्यशाला आयोजित की गई।**

इस बैठक में उपस्थित सभी स्थानीय प्लम्बरों को सीवरेज लाईन से कनेक्शन करने की तकनीकी जानकारी प्रॉजेक्टर के माध्यम से दी गई।

सभापति महेन्द्र बोहरा ने उपस्थित प्लम्बरों को सीवरेज लाईन कनेक्शन की प्रक्रिया में आने वाले व्यवहारिक कठिनाईयों के निस्तारण को लेकर रूडिप के अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की तथा प्लम्बरों को भी सीवरेज लाईन कनेक्शन करने के संबंध में आवश्यक दिशा–निर्देश दिये।

रूडिप के अधीक्षण अभियंता देवेश कुमार शर्मा ने बताया कि रूडिप द्वारा परिषद् सीमाक्षेत्र में कराये जाने वाले विकास कार्यो की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही बताया कि सीवरेज एक बड़ा प्रॉजेक्ट है, जिसके सफल क्रियान्वित के लिए हम सबको टीमवर्क से कार्य करना होगा।

रूडिप के सामुदायिक जागरूकता एवं सहभागिता सलाहकार देवेन्द्र सिंह ने बताया कि कार्यशाला में 30 स्थानीय प्लम्बर्स उपस्थित होकर प्रशिक्षण लेकर लाभान्वित हुए।

इस कार्यशाला में रूडिप के अधिशाषी अभियंता ए के गुप्ता, सहायक अभियंता भीरमराम चौधरी, जयपुर से मनीषा तेलन, एलएण्डटी से सुशील कुमार, महेन्द्र कुमार व नगर परिषद् के सहायक अभियंता सुखाराम चौधरी, कनिष्ठ अभियंता अयुब अली के अलावा भाजपा शहर मण्डल अध्यक्ष रामकिशोर साबू एवं संवेदक श्याम तिवारी व राकेश भंसाली आदि उपस्थित रहे।



**दिनॉक 19 मई 2017 शुक्रवार को मुख्यमंत्री शहरी जन कल्याण योजना के तहत नगर परिषद् कार्यालय प्रांगण में राजस्थान सरकार के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री व प्रभारी जिला पाली राजेन्द्रसिंह राठौड़ ने जन कल्याण शिविर का अवलोकन कर कृषि भूमि रूपान्तरण के 21 पट्टाधारको को मौके पर ही पट्टा वितरण के साथ साथ एन.यू.एल.एम के अंतर्गत स्वयं सहायता समूह के तीन ग्रुप को दस–दस हजार के चैक वितरण किये। इस अवसर पर प्रभारी मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री शहरी जन कल्याण योजना के तहत् प्रदेश में चल रहे शिविरो में हो रहे विभिन्न कार्यो को आमजन के लिये उपयोगी बताया एवं साथ ही नगर परिषद् पाली द्वारा किये गये नवाचारो व विकास कार्यो की सराहना की।**

सभापति महेन्द्र बोहरा ने बताया कि मुख्यमंत्री शहरी जन कल्याण योजना के तहत जन कल्याण शिविर में अब तक 6 शिविरो में कृषि भूमि के 55 पट्टे , भवन निर्माण के 04, लीज के 07, उपविभाजन के 08, हस्तानान्तरण के 14, जन्म–मृत्यु पंजीयन के 227 प्रकरणो का निस्तारण कर करीबन 35 लाख से अधिक राजस्व प्राप्त हुआ। साथ ही बोहरा ने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छ सर्वेक्षण 2017 में पाली नगर परिषद् राजस्थान में तीसरे नम्बर पर रहा एवं परिषद् द्वारा जनहित में कई नवाचार भी किये। जिसके सफल परिणाम प्राप्त हुए।

कार्यक्रम में विधायक ज्ञानचंद पारख, जिला प्रमुख पेमाराम चौधरी, उपसभापति मूलसिंह भाटी, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष रामकिशोर साबू, भा.ज.यू.मो. जिला अध्यक्ष दिग्विजय सिंह राठौड, जिला भाजपा के गिरवर सिंह राठौड, अध्यक्ष वित्त समिति तिलोकराम चौघरी, अध्यक्ष भवन अनुज्ञा संकर्म समिति सुरेश चौधरी, अध्यक्ष अपराधो का समन एवं समझौता समिति के विकास बुबकिया, अध्यक्ष नियम व उपनियम समिति मनीष जैन, पार्षद जितेन्द्र व्यास, अशोक बाफना, मुकेश गोस्वामी, ताराचंद माहेश्वरी,मोहित सोलंकी, अशोक बंजारा, सुल्तानसिंह, शिवराम जाट, राजेन्द्र बारूपाल, राघवेन्द्रसिंह भाटी, पूर्व पार्षद ललित प्रीतमानी, गणपत मेघवाल, बाबूसिंह राजपुरोहित, समिति सदस्य रामदयाल गौड के अलावा अशोक पांडे, बहादुरसिंह राठौड, अनोपसिंह चौहान, गुमानसिंह रावत, खीमसिंह भाटी, निर्मल जोशी, मालाराम देवासी, पुखराज बंजारा, आदि गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन निजी सहायक दिनेश दवे ने किया।

सोमवार को वार्ड न. 5 में घोसियों के कब्रिस्तान के पास नवनिर्मित विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास कोष के अंतर्गत नगर परिषद् द्वारा वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप की माता श्री महारानी जयवंताबाई सामुदायिक भवन एवं सार्वजनिक शौचालय का लोकार्पण केन्द्रीय राज्य मंत्री पी पी चौधरी, विधी, न्याय एवं प्रोद्योगिकी व इलेक्ट्रोनिक्स विभाग एवं विधायक ज्ञानचंद पारख व सभापति महेन्द्र बोहरा के करकमलों से विधी–विधान से पूजा अर्चना कर किया गया।

इस अवसर पर केन्द्रीय राज्य मंत्री पी पी चौधरी, विधी, न्याय एवं प्रोद्योगिकी व इलेक्ट्रोनिक्स विभाग ने केन्द्र सरकार द्वारा तीन वर्ष में किये गये विकास कार्यो की विस्तृत जानकारी दी। केन्द्रीय मंत्री चौधरी ने कहा विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास कोष के अंतर्गत सामुदायिक भवन का उपयोग इस वार्ड के क्षेत्रवासियों के लिए उपयोगी साबित होगा तथा वार्डवासियों से अपील की कि वे इस सामुदायिक भवन के रख–रखाव के लिए एक कमेटी का गठन कर इसकी सुरक्षा, सफाई व पेयजल आदि व्यवस्था सुचारू रखे, ताकि आमजन व जरूरतमंद को इसका लाभ मिल सके। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उज्ज्वला गैस योजना के लिए निःशुल्क गैस कनेक्शन देने की कार्यवाही शुरू कर दी है।

विधायक ज्ञानचंद पारख ने अपने विधानसभा क्षेत्र में अब तक हुए विकास कार्यो की जानकारी देते हुए जनता से अपील की कि वे भामाशाह कार्ड व श्रमिक कार्ड बनावाकर योजना का लाभ ले।

सभापति महेन्द्र बोहरा ने बताया कि स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत वार्ड वासियों की मांग पर एवं खुले में शौच मुक्ति के लिए विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास कोष के अंतर्गत नवनिर्मित सामुदायिक भवन एवं सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराया है। सभापति ने कहा कि वीर शिरोमणी महाराणा प्रताप की माता श्री महारानी जयवंताबाई सामुदायिक भवन का नामकरण किया गया है। इस प्रकार परिषद् सीमा क्षेत्र में 82 उद्यानों एवं 25 सामुदायिक भवनों का नामकरण भी देश भक्तों के नाम किया गया है जिससे युवा पीढी में देश भक्तों के जीवन आदर्श से सीख मिलेगी।


महारानी जयवन्ताबाई सामुदायिक भवन...


सामुदायिक भवन...
महारानी जयवन्ताबाई सामुदायिक भवन
लोकार्पण
लोकार्पणकर्ता श्री पी.पी.चौधरी
मुख्य अतिथि श्री ज्ञानचन्द पारख विधायक
अध्यक्षता श्री महेन्द्र बोहरा सभापति
विशेष अतिथि श्री मूलसिंह भाटी उप सभापति
श्रीमती तारादेवी प्रजापत पार्षद
अधिशाषी अभियंता
सोमवार 29 मई 2017
आयुक्त

पाली शहर को खुले में शौच से मुक्त करने के लिए नगर परिषद् द्वारा इन दिनों वार्डवाईज शिविर लगाकर व्यक्तिगत घरेलू शौचालय के निर्माण हेतु नये आवेदन स्वीकार करने के साथ पूर्व में प्राप्त आवेदनों का भी हाथोंहाथ निस्तारण कर लोगों को राहत प्रदान की जा रही है ,जिससे यह शिविर काफी सफल भी साबित हो रहे है।

सभापति बोहरा ने बताया की स्वच्छ भारत मिशन के तहत खुले में शौच मुक्त करने एवं देश के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी द्वारा घर–घर शौचालय बनाने की योजना के अन्तर्गत नया गांव, सामुदायिक भवन में बुधवार को आयोजित वार्ड न. 31 में सुबह 10.00 बजे से शाम 06.00 बजे तक शिविर आयोजित किया गया जिसमें व्यक्तिगत घरेलू शौचालय निर्माण हेतु 25 आवेदन निस्तारण किया गया। इस शिविर में पूर्व में स्वीकृत प्रोत्साहन राशि में से प्रथम किस्त के रूप में 4 हजार रूपये लाभार्थियों के बैंक खातें में हंस्तांरित करने के निर्देश दिये। तथा जिनके घर शौचालय नहीं बना हुआ है या जिन्होनें आवेदन नहीं किया है ऐसे नये आवेदन प्राप्त किये गये और उनको मौके पर सत्यापित कर व मौका रिपोर्ट कर स्वीकृत किये गये। जिनकी राशि स्वीकृत हो गई, उनको सूचित किया गया तथा उनकी राशि जमा कराने के भी निर्देश दिये।

स्थानीय पार्षद अशोक बंजारा ने वंहा उपस्थित स्थानीय निवासियों का सहयोग करते हुए उनके समस्त दस्तावजों की पूर्ति करवाई।

वित्त कमेटी अध्यक्ष तिलोक चौधरी एवं शिविर प्रभारी सहायक अभियंता सुरेन्द्र कुमार विश्नोई ने संयुक्त रूप से टीम के साथ में शिविर में समन्वय किया और घर – घर शौचालय बनाने के लिए क्षेत्र की जनता को प्रेरित किया।



**हाथ ठेला चालकों व दुकानोंदारों को किया निःशुल्क बकेट वितरण :–** विश्व पर्यावरण दिवस पर सभापति महेन्द्र बोहरा के निर्देशन में शहर को गंदगी मुक्त व साफ रखने के लिए आज सोमवार को पुरानी सब्जी में हरे व आसमानी रंग के बकेट का वितरण हाथ ठेला चालकों व दुकानदारों को वितरण किया गया।



नगर परिषद् पाली–मारवाड़

राजस्थान

स्वच्छ पाली–स्वस्थ पाली